

Awareness about organ donation

नेताजी सुभाष के जीवन पर शोध करने के लिए किया प्रोत्साहित

सैक्टर 9 महाविद्यालय के विद्यार्थी करेंगे नेताजी के जीवन पर शोध

ह्यूमन इंडिया/ब्यूरो

गुरुग्राम। राजकीय महा[illegible] सैक्टर 9 में भारतीय शिक्षण मंडल एवं युवा [illegible] एवं रिसर्च फॉर रिसरजैंस फाउंडेशन [illegible] सुभाष-सरकार-स्वराज विषय पर शोध करने के लिए विद्यार्थियों एवं प्राध्यापकों को जागरूक किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ रणधीर सिंह ने कहा कि सुभाष चंद्र बोस ने देश की आजादी के लिए अपना [illegible] अर्पित कर दिया। उनके अथक प्रयासों के कारण आज हम आजादी की हवा में सांस ले रहे हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को बताया कि स्वतंत्रता सेनानियों के जीवन से हमें प्रेरणा लेनी चाहिए तथा देश के लिए हर संभव कार्य करना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों को नेताजी के जीवन पर अधिक से अधिक जानकारी हासिल कर इस शोध प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

भारतीय शिक्षण मंडल की हरियाणा प्रांत की महिला प्रमुख डॉ जगदम्बे वर्मा ने बताया कि नेताजी देश की आजादी में नेताजी सुभाष चंद्र बोस के योगदान को जानने के लिए रिसर्च पेपर लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में 40 वर्ष की आयु तक कोई भी विद्यार्थी, शोधार्थी अथवा शिक्षक भाग ले सकता है। उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता में रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि 20 सितम्बर 2022 है तथा 30 सितम्बर 2022 तक शोध पत्र प्रकाशित किया जा सकता है।

उन्होंने बताया कि हरियाणा प्रांत से तीन सर्वश्रेष्ठ शोध पत्र देने वाले शोधार्थी राष्ट्रीय यंग रिसर्च कन्कलेव में भागीदारी करेंगे। इस अवसर पर एनएसएस प्रभारी डॉ ललिता गॉड एवं रोहित शर्मा ने छात्र-छात्राओं को नेताजी के जीवन पर गहन शोध करने के लिए कहा उन्होंने अन्य प्राध्यापकों को भी इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ गीतिका, डॉ नीलम दहिया, डॉ राजेश कुंडू, डॉ मुकेश शर्मा, बहादुर सिंह संजय कात्याल, हरीश कुमार, डॉ राजेश सहित महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक एवं अन्य स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

दैनिक जागरण
Date – 11/12/22



सेक्टर नौ स्थित राजकीय महाविद्यालय में सुरक्षित यातायात की शपथ लेते विद्यार्थी • जागरण

दैनिक जागरण
Date – 23/2/23

आयोजन समिति ने कालेज में कराई पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता

G20 बैठक की तैयारियां

जागरण संवाददाता, गुरुग्राम: राजकीय महाविद्यालय सेक्टर नौ की जी20 आयोजन समिति द्वारा पोस्टर मेकिंग तथा भाषण प्रतियोगिता करवाई गई। महाविद्यालय के सेमिनार कक्ष में ई-गवर्नेंस और भ्रष्टाचार मुक्ति विषयों पर हुए इस कार्यक्रम में दोनों प्रतियोगिताओं के लिए कला, विज्ञान और वाणिज्य संकाय के विद्यार्थियों ने प्रतिभागिता की।

पोस्टर बनाओ प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने पेंसिल स्केच और विभिन्न रंगों के माध्यम से ज्वलंत विषयों पर अपने विचारों को पृष्ठों पर उकेरा। भाषण प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने अपनी भाषा की दक्षता और विषय पर अधिकार का परिचय दिया।

. कार्यक्रम का आरंभ करने पहुंचे महाविद्यालय के प्राचार्य रणधीर सिंह ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि दृढ़ निश्चय और मानसिकता में परिवर्तन से ही भ्रष्टाचार पर अंकुश लग सकेगा। उन्होंने विद्यार्थियों का आह्वान किया कि डिजिटल साक्षरता की दिशा में अपने गली-पड़ोस-मुहल्ले के सभी लोगों में जागरूकता फैला कर देश सेवा में अपनी आहुति अर्पित करें। प्राचार्य रणधीर जी के अलावा संदीप यादव और ललिता गौड़ के नेतृत्व में प्रतियोगिताएं संपन्न हुईं।

पोस्टर मेकिंग में निशा शर्मा, अभिषेक, रजनी कुमारी और आकांक्षा शर्मा का प्रदर्शन उत्कृष्ट रहा। भाषण प्रतियोगिता में कीर्ति लोहान, अंशु कुमारी, मुस्कान और आकांक्षा सर्वोच्च स्थान पर रहे। विजयी प्रतिभागियों को जीडी गोयंका विश्वविद्यालय में होने जा रही आगामी प्रतियोगिता में हिस्सा लेने का मौका मिलेगा। इस अवसर पर महाविद्यालय की जी-20 आयोजन समिति के प्रतिनिधियों में डा. कौशल कुमारी, रोहित शर्मा और डा. सुरेंद्र कुमार उपस्थित रहे।

GOVT. COLLEGE, SECTOR-9, GURGAON
NSS CAMP
GOVT. COLLEGE SECTOR-9 GURUGRAM
NOT ME
BUT YOU
NATIONAL SERVICE SCHEME